**खबर संक्षेप**

## किसान 31 दिसम्बर अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं

**मण्डला।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी फसलों के लिए बीमा पंजीकरण की शुरूआत हो गई है। रबी 2024-25 में फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 है। इच्छुक कृषक उक्त तिथि के पूर्व अपने पटवारी हल्का का अधिसूचित फसलों का बीमा करवा सकते हैं। रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसलों हेतु बीमित राशि का मात्रा अधिकतम 1.5 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों द्वारा देय है। शेष प्रीमियम राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा वाहन किया जाता है। योजना के प्रावधान अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदारों और काश्तदारों सहित सभी किसान अपनी फसलों का बीमा कवरेज प्राप्त करने हेतु पात्र हैं। योजना सभी कृषकों हेतु स्वैच्छिक की गई है। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का बीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जावेगा। अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले की समस्त सहकारी समितियों प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थापित कॉन सर्विस सेन्टर जिले के समस्त बैंक, फसल बीमा पोर्टल (एचउइलिण्हवअण्पद) प्रतिनिधि बीमा एजेंट एवं उर्वरक नगद विक्रय केन्द्र के माध्यम से एवं स्वयं कृषक फसल बीमा पोर्टल पर जाकर पंजीयन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक करवा सकते हैं। अऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज अऋणी कृषकों की पंजीयन करवाने हेतु आवश्यक दस्तावेज भू-अधिकारी पुस्तिका की छायाप्रति, पहचान पत्र आधार कार्ड, बैंक पास बुक की छायाप्रति। बुआई प्रमाण पत्र की प्रति (कृषि विस्तार अधिकारी, सरपंच/सचिव द्वारा सत्यापित), मोबाईल नंबर। केसीसी ऋणी कृषक गत वर्ष से अपनी फसल परिवर्तन की सूचना 29 दिसंबर तक बैंक को दे सकता है अधिक जानकारी के लिये किसान भाई कृषि रक्षक पोर्टल/हेल्पलाईन 14447 पर संपर्क कर सकते हैं।

## प्राचार्य के अनुपस्थित रहने से कामचोरों के हौसले बुलंद

# लापरवाही से लावारिस हुआ विद्यालय

*** अतिथि शिक्षकों की भर्ती में धांधली का लग रहा आरोप।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

आदिवासी बाहुल्य जिला मण्डला के विकासखंड निवास के अंतिम छोर में स्थित संकुल केंद्र मनेरी के शिक्षकों और कर्मचारियों की लापरवाही, अनियमितताएँ और गुटबाजी से संबंधित समस्याएँ विगत वर्षों से लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही हैं। इसके बावजूद विभाग और उच्च अधिकारियों की निष्क्रियता ने इन मुद्दों को और गंभीर बना दिया है। इन शिक्षकों का कहना है कि चाहे कुछ भी हो जाए, विभाग उनका ट्रांसफर नहीं कर सकता और न ही कोई अन्य कार्यवाही की जा सकती है। यह स्थिति विभागीय प्रशासन की कमजोरी को उजागर करती है।



अनदेखी | एक दिन में की गई चार लाख की मनमानी खरीदारी।

मनेरी स्कूल में लापरवाही की हदें पार



बेफिक्र हो रहे विद्यालय शिक्षक, विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित

मनेरी में शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रश्नचिन्ह

### प्राचार्य के अनुपस्थित रहने से काम चोरों के हौसले बुलंद

मनेरी के पीएम श्री विद्यालय में स्थिति विकट हो चुकी है। प्रभारी प्राचार्य की अनुपस्थिति के कारण विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। शिक्षक अपनी मनमर्जी से विद्यालय आते हैं, पढ़ाई करते हैं और फिर बिना किसी समय सीमा के चले जाते हैं। शिक्षकों की मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त सीएससी भी अक्सर गायब रहते हैं, और जब वे निरीक्षण के लिए आते हैं, तो विद्यालयों को पहले से ही इसकी सूचना दी जाती है, जिससे शिक्षकों पर कोई दबाव नहीं बनता। इस प्रकार विभागीय अधिकारियों और शिक्षकों के बीच मिलीभगत के कारण विद्यालयों की कार्यप्रणाली ठप हो गई है।

### रिटायरमेंट शिक्षक का विद्यालय में आवाजाही बनी रहने का ग्रामीणों का आरोप

वही गांव मे जन चर्चा व्याप्त है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी के शिक्षक श्याम मोहन पटेल का 31 जुलाई 2024 को रिटायरमेंट हुआ था, लेकिन तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद उनका चार्ज ट्रांसफर नहीं हो पाया है। क्योंकि वे अक्सर विद्यालय में ही देखने को मिल रहे हैं, जिससे विद्यालय और विद्यार्थियों के मन में तरह-तरह की शंकाएँ उत्पन्न हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह चर्चा का विषय बन चुका है कि विभागीय आदेशों के तहत रिटायरमेंट शिक्षक क्यों कार्य कर रहे हैं, और क्या यह जनसेवा के रूप में किया जा रहा है? यह सवाल विभाग के लिए एक चुनौती बन गया है, क्योंकि विभाग के पास इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

### पूरे संकुल में है अतिथि शिक्षकों की भर्ती में धांधली

मंडला के निवास विकासखंड में लगातार धांधली और अनियमितताओं की खबरें आ रही हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है अतिथि शिक्षकों की भर्ती में गड़बड़ी। पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित 11 लोगों पर (एफ आई आर) दर्ज होने के बावजूद मनेरी के संकुल केंद्र में यह समस्या जारी है।

सूत्रों की मिली जानकारी अनुसार मनेरी संकुल अंतर्गत माध्यमिक शाला पौड़ी में सामाजिक विज्ञान के नियमित शिक्षक के होते हुए भी, लंबे समय से सामाजिक विज्ञान के एक अतिथि शिक्षक को नियुक्त किया गया था। जब इस पर शिकायत मिली, तो तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने उसे कार्यमुक्त कर दिया। इसी प्रकार, प्राथमिक शाला झुरकी में 64 विद्यार्थियों के लिए दो नियमित शिक्षक मौजूद होने के बावजूद एक अतिथि शिक्षक नियुक्त किया गया। विभाग इस मामले में मौन है, जबकि विद्यालय में रिक्त पद दो होने का दावा किया जा रहा है। जांच होने पर इस बात की सच्चाई सामने आ सकती है।

### नियम विरुद्ध नियुक्तियाँ और अटैचमेंट की समस्या

इसी तरह नाम न छापने की शर्त पर विभाग के कर्मचारियों ने यह बताया कि प्राथमिक शाला खैरानी में 70 विद्यार्थियों के होने पर भी दो नियमित शिक्षकों के बावजूद एक अतिथि शिक्षक की नियुक्ति की गई, जो पूरी तरह से नियम विरुद्ध है। इसके अलावा, संकुल के माध्यमिक शाला भंवरदा में एक शिक्षक को प्राचार्य द्वारा संकुल में अटैच किया गया था, जबकि उसके स्थान पर एक अतिथि शिक्षक को नियमों के खिलाफ नियुक्त किया गया। संकुल में नियमित शिक्षक आने के बाद भी इस अटैचमेंट को अब तक रद्द नहीं किया गया, जो विभागीय लापरवाही का उदाहरण है।

इस प्रकार, मनेरी के संकुल प्राचार्य की अनदेखी और उदासीनता ने विभागीय वित्तीय अनियमितताएँ और भर्ती प्रक्रियाओं में घोटाले को जन्म दिया है। इन समस्याओं पर त्वरित कार्यवाही की आवश्यकता है, ताकि शिक्षा व्यवस्था में सुधार हो और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक माहौल मिल सके।

### इनका कहना :-

*इस बिषय को गंभीरता पूर्वक लेते हुए जांच करवाकर दोष पाये जाने पर बैधानिक कार्यवाही की जायेगी*

**-सुनील दुबे, बीईओ निवास, मण्डला**

*हायर सेकंडरी स्कूल मनेरी मे रेगूलर शिक्षक आ जाने से अब कोई परेशानी नही है, रही बात श्याम मोहन पटेल की तो वे सेवानिवृत्त होने के बाद विद्यालय नही आते हैं, हां प्रभारी प्राचार्य विद्यालय कम आते जाते हैं, हमारी स्कूल मे स्थाई प्राचार्य की मांग की गई है।*

**-नारायण धूमकेतु, सरपंच, ग्राम पंचायत मनेरी, निवास**

*विगत 11 दिसंबर की बैठक मे निर्णय लिया गया है कि संलग्नीकरण न किया जाये, इसके बाद अगर किया है इस संबंध मे बीईओ से जानकारी लेकर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये जायेंगे।*

**कमलेश तेकाम, उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष शिक्षा समिति जिला पंचायत, मण्डला**

# पुलिस अधीक्षक ने किया जनरल परेड का निरीक्षण

## उत्कृष्ट टर्नआउट वाले पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

दिनांक 13.12.2024 शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड, मण्डला में जनरल परेड का आयोजन किया गया। रक्षित निरीक्षक निरीक्षक सुनील नागवंशी व सूबेदार विवेक करोसिया द्वारा परेड का संचालन किया गया।

आज पुलिस लाईन मण्डला में आयोजित जनरल परेड का पुलिस अधीक्षक मण्डला ने निरीक्षण किया और उत्कृष्ट टर्नआउट वाले पुलिस अधिकारियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने परेड के महत्व को बताते हुए कहा कि यह जवानों में एकता और अनुशासन की भावना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ फिटनेस को बेहतर बनाता है। परेड के माध्यम से पुलिस कर्मियों और अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का भी अवसर मिलता है। परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नें पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियो कि समस्याओ को गंभीरतापूर्वक सुना एवं त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही बाबत संबधित को निर्देशित किया गया। साथ ही परेड मे उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को बेहतर अनुशासन में रहने एवं स्वास्थ्य के प्रति सृजग व सचेत रहने की समझाइश दी गई तत्पश्चात पुलिस लाइन वाहन शाखा का निरीक्षण किया जाकर एवं पुलिस वाहनों के बेहतर रख-रखाव हेतु निर्देश दियें तथा पुलिस लाइन में निर्माणाधीन टेनिस कोट का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात पूलिस लाईन की विभिन्न शाखाओ का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक निर्देश दिये।

## अत्यधिक शीतलहर की संभावना के मद्देनजर शाला के समय में परिवर्तन, कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**मण्डला।** अत्यधिक शीतलहर की संभावना को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा शाला के समय में परिवर्तन किया गया है ताकि छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत प्रभाव न पड़े। जारी आदेश के तहत जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक संचालित होंगे। परीक्षाओं का संचालन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा।

## सेवानिवृत शासकीय सेवकों का सम्मान एवं पीपीओ वितरण



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने माह दिसम्बर में अलग-अलग कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान एवं पीपीओ वितरण किया। कलेक्टर ने पीपीओ वितरण के साथ सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ वितरण किए गए हैं उनमें रानी दुर्गावती महाविद्यालय मण्डला से यदुनन्दन कछवाहा, बीईओ कार्यालय से अनंतराम पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मण्डला से विनोद कुमार चौरसिया, शकुन झारिया, रघुराज सिंह परिहार और लीला जंघेला, बीईओ कार्यालय मोहगांव से सतेन्द्र कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय से परन सिंह मडावी और प्रभुदास मोंगरे, महा प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला से रेखा चौरसिया, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी मण्डला से शक्ति सिंह गौठरिया, खाद्य अधिकारी कार्यालय मण्डला से शोभना श्रीवास, बीईओ कार्यालय मण्डला से अमीता पटेल, राजकुमार रजक, श्याम कुमार पाठक और जीवनलाल सिंगौर, बीईओ कार्यालय बिछिया से अशोक कुमार धुर्वे, बीईओ कार्यालय नाराणगंज से भीखमलाल सिंगौर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय कार्यालय मण्डला से सतीश कुमार रंगारे, सहायक रजिस्टार कार्यालय मण्डला से लोकेन्द्र कुमार डहेरिया शामिल हैं।

## कलेक्टर ने ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायरसेकेंडरी स्कूल का किया निरीक्षण



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायरसेकेंडरी स्कूल के शैक्षणिक, निर्माण और विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद कुमार सिंह सहित स्कूल का स्टॉफ मौजूद था। कलेक्टर सोमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह के आगमन पर उन्हें पुष्पगुच्छ और चित्र देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी गाया गया। ज्ञानदीप इंग्लिश हायरसेकेंडरी स्कूल के सचिव श्री संजय तिवारी ने ज्ञानदीप शाला की ऑडिट रिपोर्ट, 8 क्लास रूम निर्माण का प्रस्ताव, शाला में स्थित पानी टंकी के बगल के 2 कमरे डिस्मेंटल कर पुनः स्थापित करने, शाला में कार्यरत शिक्षकों को संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त करने, शाला स्टॉफ के आवेदन पर 10 प्रतिशत डीए की वृद्धि, शाला में शौचालय निर्माण तथा शिक्षण शुल्क में 10 प्रतिशत वृद्धि के प्रस्ताव के संबंध में अवगत कराया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर विद्यालय का निरीक्षण भी किया।

**कार्यक्रम** | प्रदेश में गरीब युवा, किसान एवं महिलाओं को समृद्ध एवं संपन्न बनाया जाएगा।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का हुआ शुभारंभ

*** सर्रापिपरिया में हितग्राहियों को बांटे हितलाभ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में गीता जयंती धूमधाम से मनाया गया है। प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत जनकल्याण पर्व प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा प्रदेश के गरीब युवा, किसान एवं महिलाओं की समृद्धि के लिए नए अवसरों का मध्यप्रदेश का निर्माण किया जा रहा है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके गुरूवार को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत सर्रापिपरिया में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, एसडीएम नैनपुर हुनेन्द्र घोरमारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विनोद मेरावी सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके के आगमन पर लोक कलाकारों के द्वारा लोकनृत्य व लोकगीत प्रस्तुत कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कलश यात्रा भी निकाली गई। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्वागत गीत भी गाए गए। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि गीता जयंती के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। हमें सत्य और न्याय दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्रदेश सरकार गीता के संदेशों को जनजन तक पहुंचाने का काम कर रही है।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि सायंकाल चौपाल आयोजित करने से सभी ग्रामीणजनों से सीधा संवाद हो जाता है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग दिन में अपने खेतों में कृषि कार्य करते हैं, उन्हें सायंकाल को ही घर में आने का अवसर मिलता है, इस कारण उनसे संवाद करने के लिए सायंकालीन चौपाल आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। हितग्राहियों का चयन कर इन योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ लेने से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे, इसलिए जनकल्याण अभियान चलाकर गांव-गांव और घर-घर तक संपर्क किया जा रहा है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों का चयन कर शासन की योजनाओं का लाभ उनके घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रदेश में 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को भी आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा रहा है, जिससे ऐसे व्यक्ति भी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ले सकें। प्रदेश में कोई भी नागरिक अब स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित नही रहेगा। उन्होंने सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए, जिससे 5 लाख रूपए तक का इलाज निःशुल्क प्राप्त किया जा सके। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि ग्राम पंचायत सगौनिया में एक करोड़ 50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है। स्व सहायता समूहों के लिए 85 ग्राम संगठन भवन बनाए जा रहे हैं। इन ग्राम संगठन भवन में स्व सहायता समूह की महिलाएं आपस में बैठकर विकास कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में विचार विमर्श करेंगी।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। किसी भी परिवार को अब पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिले में बांध व नहरों का निर्माण कर सिचाई क्षमता को बढ़ाया गया है। प्रदेश में सिचाई के क्षेत्रफल में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे फसलों के उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है और किसान समृद्ध बन रहे हैं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए उन्हें लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को एक हजार 250 रूपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। इन योजनाओं की सम्मान निधि की राशि किसानों के बैंक खातों में दी जा रही है। जिससे जरूरत के समय किसानों को रूपए पैसों के लिए कहीं भटकना न पड़े। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के भवनों का निर्माण किया गया है। इससे गरीब परिवार के लोगों का पक्के मकान में रहने का सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा, जो हितग्राही छूट गए हैं उनके नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में जोड़ा जाएगा।

# निवास नगर में यातायात व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा पर सवाल

*** जिम्मेदारों की निष्क्रियता बनी चुनौती।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/निवास

नगर परिषद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार का कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है, जबकि लगातार इस मुद्दे को लेकर खबरें प्रकाशित की जा रही हैं। बावजूद इसके, नगर में कोई ठोस चालानी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे लापरवाह वाहन चालकों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। मुख्य बाजार में सड़क के दोनों ओर खड़े वाहन इसका प्रमाण हैं कि जिम्मेदारों को नगर के यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में कोई रुचि नहीं है।



### नवयुवकों द्वारा बिना लाइसेंस वाहन दौड़ाने की समस्या

निवास नगर में बिना लाइसेंस नवयुवक ट्रिपल सवारी बैठाकर वाहनों से फर्राटा भर रहे हैं, लेकिन इस पर न तो कोई कार्यवाही हो रही है और न ही कोई समझाने वाला नजर आता है। वहीं शुक्रवार को सप्ताहिक बाजार के दिन कई बार जाम की स्थिति बन जाती है, लेकिन उसे संभालने के लिए कोई जिम्मेदार दिखाई नहीं देता। सप्ताहिक बाजार में आसपास के सैकड़ों ग्रामों से खरीददार आते हैं, जिससे जाम की समस्या और भी बढ़ जाती है।

### मुख्य मार्ग पर ठेले और नगर परिषद की चुप्पी

नगर परिषद नगर सुविधाजनक व्यवस्था बताकर अपनी वाहवाही लूटती है, लेकिन जब बाजार के दिन व्यवस्था संभालने की बात आती है तो नगर परिषद का कोई कर्मी नजर नहीं आता। आने वाले दिनों में निवास की प्रसिद्ध मड़ई भी लगने वाली है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे, लेकिन यह समझ से परे है कि जो जिम्मेदार सामान्य दिनों में यातायात व्यवस्था नहीं संभाल पाते, वे मड़ई के दिनों में क्या खाक व्यवस्था करेंगे। मड़ई में व्यापारी दूर-दूर से आते हैं और लाखों का व्यापार होता है, जिसे सही तरीके से संभालना आवश्यक है।

### शाम होते ही मंडला रोड पर शराबियों का जमावड़ा

निवास-मंडला रोड पर शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लगने लगता है। सूत्रों के अनुसार, स्थानीय मदिरा दुकान से शराब खरीदकर, शराबी नजदीकी होटलों में बैठकर मदिरापान करते हैं। यहां भी वाहन सड़क के दोनों ओर खड़े रहते हैं, लेकिन इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। पास में स्थित रेस्ट हाउस पर भी वीआईपी ठहरते हैं, लेकिन इस क्षेत्र में सुरक्षा और व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में छात्र छात्राओं को बताया अपार आईडी का महत्व



**गाडरवारा।** क्षेत्रीय स्कूलों मे लोक शिक्षण संचालनालय एवं राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार दो दिवसीय अपार दिवस मनाया गया। बताया जाता है कि अपार दिवस कार्यक्रम मे शिक्षकों ने छात्र छात्राओं को अपार आईडी के विषय मे बताते हुए कहा कि ये आधार कार्ड की तरह डिजिटल लाकर है इसमें उनके सभी पढ़ाई से जुड़े अभिलेख सुरक्षित रहेंगे। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि सभी छात्र छात्राएँ अपार आईडी को गंभीरता से लेते हुए अपने घरों पर इसकी जानकारी देते हुए पालको से सहमति दिलायें। जानकारी के अनुसार आयोजित अपार दिवस कार्यक्रम मे अधिक से अधिक अपार आईडी भी बच्चों की बनाई गईं। स्कूलों मे अभिभावको को प्रेरित कर उन्हें भी अपार आईडी का महत्तव बताया गया एवं उनसे सहमति भी ली गईं।

### बसेड़िया की वनांचल ग्राम व वृद्ध आश्रम में सतत सेवा जारी



**गाडरवारा।** समाज सेवा को मुकेश बसेड़िया के अंदर जिस तरह का भूत सबार होते हुये देखने मिल रहा है उसके चलते कोई भी सीजन क्यों न हो मगर वह अपनी समाज सेवा में पीछे नही रहते है। क्योंकि इस समय पड़ रही भीषण सर्दी में नगर के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया द्वारा प्रतिवर्ष के अनुसार अनवरत एक माह सेवा संकल्प के तहत तहां बीते हुये दिवस बरमान घाट में वृद्ध आश्रम पहुंचकर वृद्ध माताओ को गर्म शाल , मफलर, मौजे आदि प्रदान कर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके अलावा उन्होंने पहुंच बिविन माने जाने वाले दुर्गम दूरस्थ वनांचल ग्राम पीपला , वेरबन ,टोला आदि में पहुंचकर वृद्ध माताओं को कंबल, महिलाओं को साड़िया तथा बच्चों को वस्त्र, पठन लेखन, शिक्षण सामग्री प्रदान कर उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि बसेड़िया द्वारा हर साल ठण्ड के मौसम में सतत कंबल वितरण कर लोगों को सर्दी में ठिठुरने से बचाते है।

### ग्राम बड़ागांव के हाईस्कूल मे बच्चों को स्कूल बैग एवं गर्म वस्त्र वितरित



**बारहाबड़ा।** क्षेत्र मे इन दिनों शासकीय शालाओं मे शिक्षकों द्वारा बच्चों के हितार्थ विभिन्न नवाचार करते हुए उन्हें शिक्षा देने का कार्य किया जा रहा है। कुछ ऐसी ही बानगी बीते हुये दिवस चीचली ब्लॉक के सुदूर वनाँचल आदिवासी ग्राम बड़ागांव मे उस समय देखने को मिली जब वहाँ एकीकृत शासकीय हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य जीत लाल बिरनवार तथा अतिथि शिक्षक देवराज गुर्जर एवं लक्ष्मी प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा कक्षा पहली एवं दूसरी के छात्र छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। बताया जाता है कि इन शिक्षको द्वारा इसके अलावा ठण्ड से बचाव हेतु गर्म कपड़े भी बच्चों को वितरित किए गए। ज्ञात हो कि इस स्कूल मे नित नए नवाचार कराते हुए बच्चो को प्रोजेक्टर के माध्यम से मिनी स्मार्ट क्लास बनाकर भी शैक्षणिक गतिविधियां कराई जाती हैं इससे छात्र छात्राओं में शाला के प्रति आकर्षण रहता है। ज्ञात हो की ग्राम बड़ागांव समुंद्र तल से लगभग तीन हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है जहाँ दस किलो मीटर पैदल ही चलकर जाया जा सकता है।

### नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय न होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

**नांदनेर।** जहां एक ओर सरकार द्वारा गांव गांव अपनी जनराशि करते हुए विकास कार्य कराये जा रहे है, मगर कहा जाता है कि वह विकाय का कार्य सही कहलाता है जिसकी लोगों को उपयोगता होती है और यदि वही विकास कार्य नही होता है तो संपूर्ण विकास कार्यो पर प्रश्न चिन्हें लग जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम पंचायत नांदनेर में देखने मिल रही है, जहां पर बताया जाता है कि हायर सेकेण्डरी स्कूल होने के साथ साथ सेवा सहकारी समिति सहित अन्य सुविधाएं तो गांव में उपलब्ध है।

**नगर में दूसरी बार हुई इस तरह की सख्त कार्यवाही को देखने लोगों लगी भीड़..**

# मधुर चौरासिया हत्याकांड के आरोपी के परिजन का अतिक्रमण क्षेत्र में बने बहुमंजिला मकान को प्रशासन ने किया जमींदोज

**गाडरवारा। कुछ समय से देखा जा रहा था कि तत्वों द्वारा नगर की शांति व्यवस्था को जिस तरह ग्रहण लगाया जा रहा था उसका परिणाम बीते हुये 5 दिसम्बर को उस समय देखने मिला जब मात्र चालीस हजार रूपया के लेनदेन की बात को लेकर विकास कुचबंदिया द्वारा नगर की पानी टंकी के पास जिस तरह मधुर चौरासिया नामक युवक की दिन दहाड़े बेरहमी के साथ सिर कुचलते हुये हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना से जहां संपूर्ण नगर ही नही बल्कि क्षेत्र में दहशत का महौल निर्मित हो गया था। वही घटना के आरोपी को पुलिस द्वारा गिरप्तार करते हुये जेल भेज दिया गया है।**














मगर इसके बाद भी हर व्यक्ति के दिल से हत्या कांड की निर्ममता को याद करते हुये सख्त कार्यवाही की मांग की जा रही थी। क्योंकि इस तरह घटित हुई घटना ने निश्चित संपूर्ण नगरवासियों को चिंता में डाल दिया गया था कि इस तरह की घटनाओं अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही नही हुई तो इस तरह के लोगों के हौसले बुलंद होते चले जावेगे। ज्ञात हो कि घटना के पहले मृतक मधुर चौरासिया द्वारा पुलिस थाने में एक आवेदन देते हुये इस बात का खुलासा किया गया था कि उसके द्वारा विकास कुचबंदिया से लगभग 8-10 माह पहले 40 हजार रूपया ब्याज पर लिये गये थें जिसके बदले में 1 लाख 40 रूपया वापिस कर दिया गया है। मगर मेरी गुजाईश न होने पड़ने के कारण मूल राशि 40 रूपया बात कही गई थी। मगर विकास द्वारा उसमें 30 हजार ब्याज तथा 40 हजार मूल राशि कुल मिलाकर 70 हजार रूपया की और मांग की जा रही थी और जब 3 दिसम्बर को मधुर चौरासिया पानी टंकी के पास था तो विकास कुचबंदिया द्वारा कहा गया कि कहा गया कि एक घंटे के अंदर यदि रूपया नही दिये तो ठीक नही होगा। वही वायरल हुये आवेदन पत्र में इस बात का भी उल्लेख है कि आरोपी द्वारा मृतक का बैक आफ बडौदा के एक हस्ताक्षर किया गया खाली चैक रखे हुये है जिसको बाउंस कराने की धमकी दी जा रही है। इस तरह बायरल हुये आवेदन को पुलिस थाने में पदस्थ किसी कर्मचारी द्वारा कार्यवाही की जगह शायद अपने पास रख लिया गया था और इस सच्चाई से अधिकारियों को भी अवगत कराना उचित नही समझे जाने का परिणाम इस तरह सामने आया कि समय रहते हुये आरोपी के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही नही होने के कारण आरोपी द्वारा बेरहमी के चलते 5 दिसम्बर को दिन दहाड़े बेरहमी के साथ मधुर चौरासिया की खुलेआम सिर कुचलते हुये हत्या की घटना को अंजाम दे डाला था। इस घटना के चलते जहां नगर व संपूर्ण क्षेत्र में आक्रोश का महौल निर्मित होते हुये देखा जा रहा था। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये उसे गिरप्तार करने के बाद जेल भेजा दिया गया था। वही दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन द्वारा इस तरह दिन दहाड़े बेरहमी के साथ हत्या की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की कुंडली तैयार करना शुरू किया गया जिसके चलते प्रशासन द्वारा की गई जांच में यह बात सामने आई कि नगर के कुचबंदिया मुहल्ला में आरोपी विकास कुचबंदिया के परिजनों द्वारा जो बहुमंजिला मकान तैयार किया गया है। वही शासकीय भूमि यानि की नाले पर अतिक्रमण करते हुये बनाया गया है तथा ठीक उसी के सामने एक अन्य मकान बनाने की तैयार की जा रही है। इस तरह नगर पालिका प्रशासन की टीम द्वारा पहले इस जगह को चिन्हित करते हुये आरोपी के परिजनों को अतिक्रमण हटाने के लिये नोटिस जारी किया गया था। मगर समय सीमा के अंदर जब उनके द्वारा इस तरह शासकीय भूमि से अपना अतिक्रमण नही हटाया गया तो प्रशासन की टीम पूरे दल बल के साथ बीते हुये शुक्रवार को मौके पर पहुंची और बहुमंजिला मकान को जमीदोज कर दिया गया तथा निर्माणाधीन मकान को तोड़ते हुये वहां पर पुलिस चौकी स्थापित करने के लिये प्रस्तावित करते हुये वोर्ड स्थापित कर दिया गया है। ज्ञात हो कि शुक्रवार को दिन निश्चित तौर से नगर के इतिहास के पन्नों में दर्ज होने से नही चूक पायेगा..? क्योंकि नगर के लोगों द्वारा इस तरह की सख्त कार्यवाही पहली बार होते हुये देखी गई है। क्योंकि शुक्रवार की सुबह 9 बजे तेज ठंड के बीच लोग अपने विस्तरों से निकल भी नही पाये होगे और अनुविभागीय अधिकारी श्रीमति कलावती व्यारे, उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, तहसीलदार प्रियंका नेता, नगर निरीक्षक प्रियंका केवट के आलवा जिला मुख्यालय सहित आस पास के थानों से आये हुये अधिकारियों में टी आई उमेश तिवारी थाना प्रभारी डोगरगांव, रोहित पटैल थाना प्रभारी चीचली, प्रकाश पाठक थाना प्रभारी सांईखेड़ा, रवि उपध्याय चौकी प्रभारी सालीचौका, अजाक थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीमति गायत्री गुप्ता के आलवा गाडरवारा पुलिस थाना बल के आलवा राजस्व विभाग के अनेक आर आई, पटवारी, ग्राम कोटवारों सहित नगर पालिका प्रशासन की टीम अपने साथ पोक लेंड सहित अन्य तीन जेसेसी मशीन लेकर कुचबंदिया मुहल्ला पहुंची और मधुर चौरासिया हत्या कांड के आरोपी विकास कुचबंदिया के परिजनों द्वारा अतिक्रमण करते हुये शासकीय भूमि पर बनाये गये बहु मंजिला नव निर्मित मकान को पूर्णरूप से जमीदोज करने के साथ एक अन्य निर्माणाधीन मकान पर भी बुल्डोर चलाते हुये तोड़ने में कोई कसर नही छोड़ी गई और उस स्थान पर अधिकारियों द्वारा कुचबंदिया मुहल्ला में पुलिस चौकी स्थापित करने के लिये प्रस्तावित वोर्ड लगा दिया गया है। कुचबंदिया मुहल्ला में इस तरह दूसरी बार कार्यवाही होते हुये देखी गई है। ज्ञात हो कि इसके पहले मई 16 मई 2023 में एक दुष्कर्म के आरोपी के नव निर्मित सरकारी भूमि पर बने हुये आवास पर भी प्रशासन द्वारा इसी तरह बुल्डोजर चलाया गया था। प्रशासन की टीम द्वारा मधुर चौरासिया हत्या कांड के आरोपी के परिजन द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करते हुये बनाये गये बहुमंजिला मकान को तोड़ने की कार्यवाही के दौरान सच्चाई को अपने आंखों से देखने के लिये लोगों का भारी हुजूम उमड़ने से नही चूक पाया था। इस संबंध में जब अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि यह मकान शासकीय भूमि नाला के ऊपर अतिक्रमण करते हुये बनाया गया जिसके चलते प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिये कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## भाजपा मंडल से लेकर जिला अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज जिला अध्यक्ष के लिये गाडरवारा क्षेत्र में तैयार हो रहे प्रबल दावेदर







**गाडरवारा।** कोई भी संगठन व हो या फिर राजनैतिक पार्टी उसकी सफलता निश्चित तौर से उसके संगठन के ऊपर ही निर्भर मानी जाती है। इसी के चलते राजनीति में भाजपा देश व दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बताई जाती है। वही दूसरी ओर अपने संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिये हर तीन साल के अंतराल से संगठन द्वारा चुनावी प्रक्रिया के तहत अध्यक्षों का निर्धारण किया जाता है। इसी के चलते भाजपा संगठन में आने वाले दिनों में मंडल अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्षों के लिये चुनावी प्रक्रिया पूर्ण किये जाने की तैयारी चल रही है। इस तरह भाजपा के संगठन चुनाव को लेकर मंडल अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष बनने के लिये जहां दावेदारों के सक्रिय होने के कारण इस समय पढ़ रही कडाके की ठंड के बीच चुनावी सरगर्मी तेज होते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है। क्योंकि जिले के लिये गाडरवारा क्षेत्र महत्व पूर्ण माना जाता है। इसी के चलते पार्टी द्वारा मंडल अध्यक्ष से लेकर जिला अध्यक्ष के लिये उपयुक्त लोगों की खोजबीन में जुटी हुई देखी जा रही है। यदि गाडरवारा क्षेत्र से जिला अध्यक्ष के दावेदारों पर नजर डाली जावे तो युवा भाजपा नेता अशोक भार्गव, मुकेश मरैया तथा पूजा तिवारी प्रमुख बताये जाते है। क्योंकि अशोक भार्गव जहां पूर्व में भाजपा संगठन में चौगान मंडल के अध्यक्ष रहने के साथ उनके द्वारा समाज सेवा के रूप में किये जाने वाले कार्यो को शायद पार्टी द्वारा नजर अंदाज नही करेगी। क्योंकि कोरोना काल के दौरान जहां लोगों को अपने घरों से निकलने में दहशत महसूस होती थी तो अशोक भार्गव लोगों की मदद के लिये सदा ही सड़को पर नजर आने से नही चूकते थें। वही दूसरी ओर चुनावी प्रक्रिया के दौरान भी वह अपनी पार्टी के लिये सदा ही मददगार बनते हुये देखे जाते रहे है। वही दूसरी ओर मुकेश मरैया पर नजर डाली जावे तो वह भाजपा के कर्मठ नेता होने के साथ साथ पूर्व जनपद अध्यक्ष रह चुके है। वही दूसरी ओर चीचली क्षेत्र में आम जनता के बीच अपनी मजबूत पकड़ होने के अलावा अपनी पार्टी के लिये सदा ही समर्पित माने जाते है। वही दूसरी ओर महिलाओं में देखा जावे तो पूजा तिवारी की दावेदारी भी कमजोर नही कही जा सकती है। क्योंकि नगर पालिका में पार्षद रहने के साथ ही वह भाजपा महिला मोर्चा जिला स्तर के पदों का दायित्व संभाल चुकी है। यह बात अलग है कि जिला अध्यक्ष के लिये फैसला पार्टी के वरिष्ठजनों के माध्यम से किया जाना है जिसमें नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा, करेली व गोटेगांव क्षेत्र महत्वपूर्ण माना जाता है। मगर यदि गाडरवारा क्षेत्र से देखा जावे तो जिला अध्यक्ष के लिये यह तीनों दावेदार माने जा रहे है। यदि पार्टी जिले की कमान युवाओं के हाथों में सौपती है तो अशोक भार्गव व मुकेश मरैया दावेदारी के दौड़ में शामिल देखे जा रहे है। यदि महिला शक्ति के हाथों में बागडोर आती है तो गाडरवारा क्षेत्र से पूजा तिवारी को प्रमुख दावेदारों में शामिल किये जाने से इंकार नही किया जा सकता है...? इस तरह भाजपा में मंडल से लेकर जिला अध्यक्ष के लिये संगठन चुनावी प्रक्रिया शुरू होते ही चर्चाओं का दौर शुरू होने के साथ साथ दावेदारों द्वारा भी अपनी ताल ठोकी जाने लगी है।

## शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते गांवों में स्थिति पांरपारिक जल स्रोतों का अतिक्रमण की भेंट चढ़ने से मिट रहा नामोनिशान...?







**गाडरवारा।** इसे मॉ नर्मदा की कृपा का फल ही माना जाए कि शहर एवं क्षेत्र के गॉवों में वर्ष भर लोगों को भरपूर पानी नसीब होता रहता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गॉवों में भी नल जल योजना के तहत बनीं पानी की टंकियों के निर्माण होने से ग्रामो के निवासियों को कम ही पानी के लिए हायतौबा मचाने विवश होना पड़ता है? लेकिन जिस तरह विवाह के बाद दूल्हे की मौर नदी में विसर्जित कर उसे भुला दिया जाता है। उसी तरह इस समय देखा जा रहा है कि लगता है शासन-प्रशासन के साथ क्षेत्रवासियों ने उन प्राचीन कुओं, तालाब व बावाड़ियों की सुध बिसराना शुरू कर दिया गया है, जिनके जरिए वर्षो पूर्व प्यासे हजारो कंठ तृप्त होते रहे है। ज्ञातव्य है कि नगर ही नही क्षेत्र के कई गांवों में परम्परागत जल स्त्रोतो की उपेक्षा होने से उनका नामो निशान लगातार मिटता चला जा रहा है? हकीकत यह है कि जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देवरी मिढ़वानी का लगभग ढाई एकड़ भूमि का मालिक माने जाने वाले विशाल तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ने के कारण एक तलैया के रूप में दिखाई देने लगा है। कुछ इसी प्रकार का हाल दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा की धरोहर माने जाने वाले तालाब को देखने मिल रहा है जिसके चारो ओर अतिक्रमण की बाढ़ आने से वही अपने अस्तित्व को बचाने के लिये जूझता हुआ नजर आने से नही चूक रहा है। वही दूसरी कुछ इसी प्रकार का हाल गांव के वर्षो पुराने कुंआ का देखने मिल रहा है जिस पर लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण करते हुये उसके ऊपर लकड़ी रेखते हुये गंदगी फैलाई जा रही है या फिर मवेशियों को बांधते हुये उसकी सुन्दरता को ग्रहण लगाने से भी नही चूक पा रहे है जिसके चलते इस प्रकार से वर्षो पुराने पूज्यनीय माने जाने वाले यह परम्परागत स्त्रोत अपने आसितत्व को बचाने के लिये खुदे ही जूझते हुये देखे जा रहे है? उल्लेखनीय है कि क्षेत्र के अनुभवी बुजुर्ग अभी भी चाहते है कि कुंआ व तालाब सलामत रहे। मगर विडम्बना की बात है कि प्रशासन के साथ साथ स्वयं सेवी संस्थाएँ पारंपारिक जल स्त्रोतों की सुरक्षा के मामले में उदासीन बनी हुई है? इस संबंध में हरिभूमि टीम से चर्चा करते हुए क्षेत्र के युवाओं का कहना है कि पर्याप्त पानी मिलने के दौरे में यह बात चिंता जनक है कि पारंपारिक जल स्त्रोतो की तरफ ध्यान न दिया जा रहा है। यदि वर्तमान में देखा जावे तो जरूरत इस बात की है कि इन परम्परागत जल स्त्रोतो को चिन्हित कर इनकी दशा में बदलाव लाने की पहल करना अति जरूरी हो गया है। क्योंकि इस प्रकार से पारंपारिक जल स्त्रोत के अनदेखी करना पूर्णरूप से अनुचित है? मगर जिस प्रकार से शासन प्रशासन से लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा इन पुराने जल स्त्रोत की अनदेखी कर रहे है। वही लोगों द्वारा अन्य जल स्त्रोतों को प्रदूषित करने से भी नही चूक रहे है। इस बात की सच्चाई इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक जगहों के कुआ में देखने मिल रही है इस वर्षो पुराने के में आज भी पानी है। मगर इन पुराने जल स्त्रोतों की ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिये जाने के कारण वह पानी गंदा हो चुका है। यदि इस कुंआ में सुधार किया जावे तो यह क्षेत्र की धरोहर माने जाने वाले परम्परागत जल स्त्रोतों की फिर से सूरत बदली जा सकती है और वह आमजन के लिये उपयोगी साबित हो सकते है।

## पीतल के भाव पर हो रही लोहे की बिक्री फिर भी प्रशासन चुप



**गाडरवारा।** भले ही सरकार द्वारा ग्राहकों को जागरूक रहने के साथ साथ उनकी खून पसीने की कमाई से खरीदी जाने वाली सामग्री मूल्य के भाव से सही मिले इसकी सोच रखते हुए कानून को सख्त बनाया गया है, मगर इसके बाद भी दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को किस प्रकार से चूना लगाया जाता है इस बात का सबूत इस सच्चाई से और दूसरा देखने नही मिल सकता है? अक्सर देखा जाता है कि बाजार का खेल भी विचित्र होता है कभी चमचमाते बाजार में महत्तवहीन चीजों के दाम अधिक पाकर व्यापारी अचम्भे में आ जाते है और कभी ग्राहकों की आंखों में धूल झोंक सस्ती बस्तु मंहगे दामों में बेच दी जाती है? बताया जाता है कि इस तरह से ग्राहकों के साथ गफलतबाजी करने का माजरा बर्तन बाजार का है, जिसमें खुलेआम लोहे को पीतल के भाव बेचते हुए देखा जाता है क्योंकि की कसेड़ियों तथा हंडों के मुंह पर अंदर मढ़ी लोहे की बजनी राड को भी कुछ तथा कथित दुकानदारों द्वारा कसेड़ी के साथ तौलकर पीतल के भाव बेच दी जाती है वही दूसरी ओर जब कोई व्यक्ति अपनी पुरानी कसेडी को उसी दुकान पर बेचने के लिए पहुंचता है तो उस समय उस लोहे की राड़ को निकालकर खरीदा जाता है, जिसके चलते खरीद के समय तो आम आदमी को पीतल के पाव खरीदने के लिए मजबूर कर दिया जाता है, वही बेचने के समय अलग कर दिया जाता है। इस सच्चाई को लेकर यदि कोई ग्राहक आवाज भी उठाने का प्रयास करता है तो दुकानदारों द्वारा यह बात कही जाती है कि यह तो नियम है अब नई कसेडी से लोहे की राड को निकालकर तो तौली नही जा सकती है? इस प्रकार से चमकते बाजार में चल रही ग्राहकों के साथ गफलतबाजी को लेकर प्रशासन भी अनविज्ञ नही है मगर इस ओर शायद आज तक किसी के द्वारा कार्यवाही करने का प्रयास किया गया हो? जिसके चलते आम ग्राहक आराम से पैसे देकर पीतल की कसेड़ियों से अपने घरों की शोभा बढ़ा रहे है।

## लक्ष्मी जी की कृपा से सही हो जाता है आडिट, कमीशन का यह खेल चल रहा है अनेक कार्यालयों में



**गाडरवारा।** शासकीय व्यवस्था है कि सरकार स्वयं सभी विभागों के कामकाज पर आसानी से नजर नही रख सकती इसके लिए यह व्यवस्था बनायी गयी कि साल में एक या दो बार शासन के द्वारा नामित संस्था के व्यक्तियों द्वारा इन शासकीय विभागों के कामकाज का ब्यौरा लिया जाये तथा संस्था के जो अधिकारी विभागों के काम काज संभाले हुए है उनके दस्तावेज एवं महत्वपूर्ण फाइलों की जांच करते है वे चार्टर एकाउटेंड होते है जिन पर सरकार को विश्वास होता है कि वे छोटी से छोटी गलती एवं बहुत ही चालकी से की गयी बड़ी से बडी गडबड़ियों को आसानी से पकड लेगे और इन सभी कार्यो का विस्तृत ब्यौरा से सरकार को अपने अधिकारियों के माध्यम से भेजते है। जिसके चलते शासकीय विभागों में ये ऑडीटर ऑडिट हेतु जाते है, मगर देखा जाता है कि वहां पर उनकी आव भगत किसी राजसी मेहमान से कम नही होती है जिसके चलते अक्सर शासकीय कार्यालयों में ऑडिट करने पहुंचने वाले इन अधिकारियों को उन शासकीय कार्यालयों के प्रमुखों द्वारा अच्छी से अच्छी होटलों में ठहराया जाता है तथा ऊंची कीमत के पेन से लेकर उपयोग की सभी उच्च स्तरीय की सामग्री उपलब्ध करायी जाती है तथा खान पान तो वैसे भी लक्जरी होता है और इनके शौक को देखत हुये हर तरह की व्यवस्था संपादित की जाती है तब कहीं जाकर ये विभाग के कर्मचारियों पर खुश होते हुए वह भी उनकी कमिशन बाजी में शामिल हो जाते है? इस प्रकार की सच्चाई को लेकर लोगों का कहना है कि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी इतनी सब व्यवस्थाएं इसलिए करवाते है कि उनके द्वारा किये गये अनेतिक कार्यो को ये नजर अंदाज कर इनके पक्ष मे रिपोर्ट पेश कर सके? इन सकारात्मक रिपोर्ट के लिए नगद राशि एवं बहु मूल्य उपहारों का भी जमकर लेन देन होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से नीचे से लेकर ऊपर चल रही शासकीय व्यवस्थाओं के चलते भी लोग अच्छे दिन आने का अहसास कैसे कर पायेगे।

## साईंखेड़ा जनपद शिक्षा केंद्र में अपार आईडी हेतु संशोधन कार्य जारी



**सांईखेड़ा।** शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों मे छात्र छात्राओं की अपार आईडी बनाने का कार्य जारी है। अपार आईडी के लिए यू डाइज पोर्टल एवं आधार कार्ड मे छात्र छात्राओं की जानकारी एकसमान होना आवश्यक है। यू डाइज पोर्टल पर अपार आईडी बनाने के लिए छात्र छात्राओं की जानकारी मे संशोधन कराने हेतु जनपद शिक्षा केंद्र साईंखेड़ा मे बीईओ प्रतुल इंदुरख्या, बीआरसी संदीप स्थापक के मार्गदर्शन, बीएसी मनीराम मेहरा व पवन राजोरिया की सक्रियता एवं एमआईएस वेद प्रकाश राजपूत व आपरेटर राजा कहार के उल्लेखनीय सहयोग से कार्य प्रतिदिन कराया जा रहा है। बताया जाता है कि अपार आईडी के लिए युडाईस पोर्टल पर फार्म एस थ्री के जरिये संशोधन का कार्य होता है। ऐसे मे स्कूलों के शिक्षक उक्त फार्म भरकर आवश्यक सुधार हेतु बीआरसी कार्यालय मे उपस्थित हो रहे है एवं स्वयं बैठकर सुधार कार्य करवा रहे है। ग्राम बगदरा की माध्यमिक शाला के शिक्षक राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि अपार आईडी बनाने मे यू डाइज पोर्टल पर सुधार सिर्फ बीआरसी कार्यालय से ही होता है ऐसे मे स्कूल से समस्त आवश्यक दस्तावेजों की प्रति लेकर आना होता है तभी जानकारी मिलान होने पर ही सुधार होता है। विभागीय अधिकारियो ने समस्त शाला प्रभारियों को निर्देश जारी किये है कि वह अपार आईडी कार्य मे पोर्टल पर सुधार जल्द कराएं जिससे छात्र छात्राओं को लाभ मिल सके।

# जनकल्याण पर्व के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का हो रहा संचालन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी** । 11 दिसंबर से प्रारंभ जनकल्याण पर्व के तहत जिले में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं। जनकल्याण पर्व के माध्यम से हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ जनसाधारण तक सुलभ रूप से पहुंचाने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के समस्त लक्ष्यों की प्राप्ति करने के लिए सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर ने समस्त संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पंचायत सभागार में जनकल्याण अभियान के तहत आ रहे आवेदनों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर एन्ट्री कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया। उक्त प्रशिक्षण में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में जाकर मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान सेक्शन में अपनी जानकारी प्रविष्ठ करा सकते हैं तथा



आवेदनों के निराकरण के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख कर लक्ष्य प्राप्ति कर सकते हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत आज वार्ड नम्बर 2 इमली कुटी डिंडौरी एवं बटौंधा विक्रमपुर कलस्टर में शिविर का आयोजन किया गया। सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर ने अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभागों की शासकीय योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए घर-घर जाकर सर्वे करें। चिन्हित व्यक्तियों को पंचायतों में चल रहे शिविर में संबंधित योजना का लाभ प्रदान करें। जनकल्याण पर्व के तहत आनंदम दीदी कैफे में तीन दिवसीय जनकल्याण विकास प्रदर्शनी लगाई गई। उक्त प्रदर्शनी में शासकीय योजनाओं के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई है। साथ ही पिछले एक वर्ष में हुए जनकल्याणकारी कार्यों का भी प्रदर्शन किया गया है। जिसका आम जन आनंदम दीदी कैफे में जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### मेंहदवानी में शासकीय कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय आनंद शिविर आयोजित



**हरिभूमि न्यूज, मेंहदवानी।** जनपद पंचायत मेंहदवानी के सभागार में गुरुवार को शासकीय कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। आनंद शिविर का आयोजन शासकीय कर्मचारियों में बढ़ते तनाव को कम करने के लिए और आनंदमय जीवन जीने गुर सिखाने के लिए मध्यप्रदेश शासन के राज्य आनंद संस्थान द्वारा विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय अल्प विराम शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस कड़ी में गुरुवार को जनपद पंचायत मेंहदवानी के सभागार में एक दिवसीय अल्प विराम शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में राजस्व विभाग,शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पंचायत विभाग सहित 8 विभाग के 60 अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। अल्पविराम कार्यक्रम में जिला सिवनी और डिंडौरी से आए मास्टर ट्रेनरों ने आनंद प्राप्त करने के लिए अपने ओर कैसे मुड़ें, अपने आप को कैसे जानें इसके लिए जीवन का लेखा-जोखा,सीसीडी और हमारे रिश्ते के प्रयोगात्मक कार्य कराया और आनंद की अनुभूति कराया।

### प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 14 दिसंबर को डिंडौरी आएंगी



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास विभाग व जिले की प्रभारी श्रीमती प्रतिमा बागरी 14 दिसंबर को प्रातः 11रू00 बजे से सतना जिले से प्रस्थान कर शाम 4रू00 बजे डिंडौरी में आगमन करेंगी। प्रभारी मंत्री श्रीमती बागरी शाम 6रू00 बजे जिला व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ सर्किट हाउस में चर्चा करेंगी। प्रभारी मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 15 दिसंबर 2024 को प्रातः 11रू00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगी। प्रभारी मंत्री श्रीमती बागरी शाम 4रू00 डिंडौरी से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी। अन्य कार्यक्रमों की सूचना पृथक से दी जाएगी।

## शीत लहर एवं अत्यधिक ठंड पड़ने के कारण स्कूल संचालन के समय में किया परिवर्तन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी** । कलेक्टर हर्ष सिंह ने शीत लहर एवं अत्यधिक सर्दी (ठंड) पड़ने के कारण छात्रध्छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये जिले के ऐसे समस्त शासकीय अशासकीय अनुदान प्राप्त सीबीएसई, नवोदय, केन्द्रीय, प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल जो सुबह की पाली में संचालित हो रहे हैं, उनके संचालन में समय परिवर्तन कर ऐसे विद्यालयों का संचालन प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक करने का आदेश जारी किया है। द्वितीय पाली की समय सारणी में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। जारी निर्देशानुसार कोई भी विद्यालय प्रमुख संशोधित निर्धारित समय 9रू00 बजे से पूर्व विद्यालय का संचालन न करें। निरीक्षण के दौरान कोई भी संस्था प्रमुख द्वारा आदेश का पालन नहीं किया जाना पाया जाता है, तो संस्था प्रमुख के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# मानिकपुर मड़ई में महिला और बच्चों ने झूलों का उठाया लुफ्त, जमकर की खरीददारी

### क्षेत्रीय लोगों ने की जमकर खरीदारी, झूला रहा आकर्षक का केंद्र



**शहपुरा न्यूज।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम मानिकपुर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय मड़ई का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन आदिवासी परंपरा अनुसार भारी मात्रा में चंडी ब्याही गई। जिसमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्र गांव के अहीरों द्वारा अहिरी अमृतसर नृत्य का जगह-जगह जमकर प्रदर्शन किया गया, मड़ई मैं भारी मात्रा में अनेक प्रकार के मिष्ठान, बर्तन, कपड़ों की आकर्षण व्यापारियों द्वारा सजाई गई है जिसमें ग्रामीण सब परिवार पहुंचकर आकर्षक झूले खेल तमाशे का जमकर आनंद उठाया गया कपड़े सहित घरेलू दैनिक उपयोग की सामग्री मिठाई और बच्चों के लिए खेल खिलौने की भी जमकर खरीदारी की गई। इस मड़ई में ग्रामीण क्षेत्र के दूर-दूर गांवों से हजारों की संख्या में पहुंचकर मड़ई का जमकर लुफ्त उठाया। वहीं पर मड़ई के दूसरे दिन शनिवार को गोदरी मड़ई का आयोजन किया गया है। मानिकपुर मड़ई में आसपास गांव सहित दूर-दूर के व्यापारी मड़ई में पहुंचे और व्यापारी जमकर दुकानदारी करते हुए नजर आए। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों मड़ई मैं खरीदारी करते हुए मड़ई का जमकर लुफ्त उठाया दरअसल ग्रामीण क्षेत्रों में मड़ई मेला का खास महत्व माना जाता है, मड़ई को लेकर ग्रामीण रिश्तेदारी में पहुंचते हैं और मड़ई घूम कर आनंद लेते हुए रिश्तेदारों से मुलाकात करते हैं। मड़ई के दूसरे दिन भारती है गोदरी मड़ई में स्थानीय लोग जमकर खरीदारी करते हैं और देर शाम तक मड़ई प्रांगण में लोगों की काफी भीड़ भर जाती है। जहां सबसे ज्यादा कपड़े मिठाई बर्तन सहित अन्य जरूरत की सामग्री की खरीदी होती है। मड़ई मैं बच्चों ने हवाई झूले के साथ चाट फुलकी का आनंद भी उठाया, मड़ई में लोगों ने घरों के जरूरत का सामान भी खरीदा।

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का भाजपा जिला कार्यालय में हुआ भव्य स्वागत

**डिंडौरी न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय डिंडोरी में नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी 11 मंडल अध्यक्ष एवं उनके मंडल प्रतिनिधियों का भाजपा जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठजनों के द्वारा फूलमाला एवं आतिशबाजी का स्वागत किया गया। सभी मंचासीन अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेलीय चित्र पर तिलक वंदन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गईं । स्वागत सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि संगठन में एक पद पर कार्यकर्ता स्थाई रूप से नहीं होता परिवर्तन होता रहता है, जो नवीन मंडल अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं उन्हें बधाई एवं जो निवृत्तमान मंडल अध्यक्ष हैं उन्हें भी पार्टी के कार्यों से लगातार जुड़कर भाजपा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना है। हम सभी को मिलकर पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्य करना है। एक बार पुनः आप सभी को बधाई आप संगठन को निरंतर आगे बढ़ने का कार्य करेंगे यही आशा और यहीं कामना है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय मंत्री व विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और डॉ मोहन यादव के प्रदेश की सरकार



है इसका निर्माण हमारा बूथ अध्यक्ष बूथ का कार्य करता करता है किसी कड़ी में आज बूथ अध्यक्षों की चयन परिणाम मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है सभी को शुभकामनाएं सभी पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए मिलजुल कर प्रयास करें ताकि भाजपा का जनाधार बढ़ सके सभी को बधाई।बैठक को वरिष्ठ नेता कैलाशचंद जैन, अशोक अवधिया ने भी संबोधित किया मंच का संचालन अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पंकज सिंह तेकाम ने किया।बैठक में पूर्व जिला डॉ सुनील जैन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश पाराशर सुशीला मार्को, इंद्रावती धुर्वे, मनोहर ठाकुर, जिला मंत्री राजेन्द्र दुबे मनका बनवासी, सपना जैन, जिला मीडिया प्रभारी सुधीरदत्त तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष स्कन्द चौकसे, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी अविनाश सिंह सैनी सहित सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग की कार्यवाही में अवैध शराब के 4 प्रकरण कायम



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी** । कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु गत दिवस आबकारी विभाग वृत्त समनापुर में अवैध शराब रखने व बिक्री संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश कर कार्यवाही की गई। जिसमें आरोपी रामकुमार पिता मोहन ग्राम बहेरा 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, अनुसुईया पति महेंद्र ग्राम कसईसोढ़ा से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, चौन सिंह पिता टोप सिंह ग्राम भैसवाही से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, शुखवरिया बाई पति सम्हर सिंह ग्राम बटिया से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद किया गया। इस प्रकार पंजीबद्ध कुल 4 प्रकरण में जप्त कुल 25 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 5000ध- रुपए है स उक्त सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) "क" तहत पंजीबद्ध किया गया है।

## कृषि अवशेषों को सुगमता से खाद बनाता है, पूसा डिकम्पोजर 2.0 पाऊडर

### - किसान भाई,अनोखी पॉवडर की प्रयोगात्मक जानकारी लेकर खेतों में प्रयोग जरूर करें-बिहारी लाल साहू



**डिण्डौरी/शहपुरा।** पूसा डिकम्पोजर 2.0 पाऊडर उपयोग की विधि (खेत के अंदर) संपूर्ण पाउडर को 200 लीटर पानी में मिलाकर घोल तैयार करें। एक एकड़ खेत में फसल की कटाई के तुरंत बाद तैयार घोल को किसी भी स्प्रैयर से अवशेष के ऊपर छिड़काव करें। तत्पश्चात रोटावेटर/एम बी पलाऊ/हैरो/कोई भी पलटाई की मशीन द्वारा कृषि अवशेष को एवं घोल को मिट्टी में समान रूप मिलाकर खेत में अच्छी तरह तैयार करें। जरूरत पड़ने पर हल्की सिंचाई करें। अगली फसल की बुवाई 15 दिन बाद की जा सकती है। एस.एम.एस. संयोजित कम्बाइन हार्वेस्टर के द्वारा धान की कटाई के पश्चात पूसा डीकम्पोजर 2.0 डब्ल्यू.पी. का सीधा छिड़काव करके खेत को तैयार किया जा सकता है। पूसा डिकम्पोजर 2.0 डब्लयू.पी. छिड़काव के बाद सीधी बुवाई भी कर सकते हैं। कड़ी धूप में छिड़काव से बचें।

### प्रयोगः (खेत के बाहर)

गड्ढ़ों, ढेर/ विन्डो में अपघटन के लिए 500 किलोग्राम कचरे के लिए 1 पैकेट को 100 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। डिकम्पोजर 2.0 डब्ल्यू.पी. के द्वारा विभिन्न कृषि अवशेष जैसे पत्तियां, फल, फूल, पुआल, गोबर, मशरूम इत्यादि का पोषक खाद में रूपांतरण किया जा सकता है।

### - सावधानियां

त्वचा के संपर्क से बचें।उपयोग के दौरान खाना, पीना या धूम्रपान न करें। उपयोग के बाद खाली पैकेट को नष्ट कर दें।

# मयंक के दोहरे प्रदर्शन के बदौलत मंडला ने गोरखपुर को 4 विकेट से हराया

**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट्स क्लब अमरपुर के तत्वाधान में स्व. लोकमन साहू खेल मैदान में आयोजित अमरपुर प्रीमियर लीग लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले चक्र के तीसरे मुकाबले में वाईएफसी मंडला एवं गोरखपुर के मध्य मैच खेला गया। जिसमें गोरखपुर टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए बल्लेबाज प्रवीण 39 गेंदों में 5 चौंके एवं 2 छक्कों की मदद से शानदार 40 रन, जागेश्वर मिश्रा 20 गेंदों पर 21 रन, तेजेंद्र बैरागी 14 रन, गोल्डी सारीवान 12 रन एवं दिनेश साहू के 11 रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 142 रन बनाए। वाईएफसी मंडला की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मयंक 4 ओवरों में 29 रन देकर शानदार 5 विकेट लिए वही जयंत और उमेश ने 1-1 लिए। वहीं वाईएफसी मंडला 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाज अनुज परमार 29 गेंदों पर 5 चौंके व 1 छक्के की मदद से 37 रन, एके 26 गेंदों पर 3 चौंके व 1 छक्के की मदद से 26 रन, पुष्कर व उमेश ने 18-18 रन एवं एवं मयंक 15 रनों की पारी खेलने हुए 18.3 ओवरों में 143 रन बनाकर अपनी टीम को 4 विकेटों से विजय दिला दी। गोरखपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए तेजेन्द्र बैरागी व जागेश्वर मिश्रा 2-2 विकेट एवं योगेश व ब्रजेश वर्मे 1-1 विकेट हासिल किए। इस मैच के मेन ऑफ दा मैच वाईएफसी मंडला के मयंक को उनके दोहरे प्रदर्शन के लिए दिया गया। इस मैच के निर्णायक की भूमिका में भगवान सिंह परस्ते एवं रामस्वरूप बर्मन रहे। स्कोरिंग शिवम वनवासी एवं आफताब खान के द्वारा किया गया। वहीं मैच का आंखों देखा हाल प्रदीप वनवासी के द्वारा सुनाया गया।



# अलग-अलग घटनाओं में फांसी लगाने से युवक, युवती की मौत



### पुलिसिया कार्यवाही जारी

**अनूपपुर।** दो अलग-अलग घटनाओं में एक युवती एवं एक युवक के अज्ञात कारणों से फांसी लगा लेने पर मौत की सूचना पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चचाई थाना अंतर्गत पुलिस सहायता केंद्र देवहरा के ग्राम पटना में गुरुवार की दोपहर एक खेत में बने झोपड़ी में दुपट्टा से डोगराटोला निवासी 22 वर्षीय युवती गीता सिंह पिता स्व. रामप्रसाद सिंह जो अपने जीजा के यहां ग्राम सकरा के डोंगरीटोला में रहकर शहडोल जिला मुख्यालय में स्थित आईटीआई कॉलेज में पढ़ने जाती थी। 9 दिसंबर को पढ़ाई करने के लिए शहडोल कॉलेज गई लेकिन वह नहीं लौटी। 12 दिसंबर की दोपहर पटना गांव के पास एक खेत में बने झोपड़ी में वह दुपट्टा से फांसी लगाकर मृत स्थिति में देखे जाने की सूचना पर पुलिस सहायता केंद्र देवहरा की पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा एवं जिला चिकित्सालय अनूपपुर में भेज कर शव परीक्षण की कार्यवाही करते एवं कराते हुए जांच कर रही है प्राथमिक जांच दौरान युवती के आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वहीं दूसरी घटना जिले के करनपठार थाना अंतर्गत जिंदाटोला निवासी 22 वर्षीय युवक दुर्गेश कुमार धार्वे पिता देवीदास धार्वे जो बिहार राज्य में मजदूरी का काम करता है विगत वर्ष राजेंद्रग्राम के खेतगांव निवासी एक युवती को पत्नी के रूप में ले जाकर बिहार राज्य के सुखवाना थाना सहार जिला आरा में जयनाथ सिंह के यहां किराए का कमरा लेकर रह रहा था। पति-पत्नी के बीच 11 दिसंबर को बातचीत होने पर दुर्गेश ने घर के अंदर ही फांसी लगा ली जिसे फांसी में लटकते देख पत्नी एवं पड़ोसियों द्वारा अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित किया किंतु अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर द्वारा किसी भी तरह की पुलिस कार्यवाही नहीं कराई जिसके कारण मकान मालिक एवं अन्य के सहयोग से मृतक के शव को अनूपपुर लाते हुए 12 दिसंबर की रात मृतक के परिजनों द्वारा कोतवाली थाना अनूपपुर में सूचना दिए जाने पर कोतवाली पुलिस द्वारा 13 दिसंबर को पत्नी एवं परिजनों से बातचीत कर पंचनामा तैयार करते हुए डॉक्टर टीम से मृतक दुर्गेश के शव का पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा।

## भाजपा कार्यकाल में महंगाई की मार से जनता बेहाल

**अनूपपुर।** भगवा पार्टी अनूपपुर के जिला प्रवक्ता धर्मेंद्रकांत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आम आदमी पर महंगाई का असर हमेशा से चिंता का विषय रहा है और भाजपा सरकार के कार्यकाल में सब्जियों जैसे लहसुन 400 आलू 45रु., प्याज 54रु., टमाटर 42रु., अदरक 80, मटर 100 रु., परवल 80रु., भिन्डी 80रु., गोभी 34रु., शिमला मिर्च 65 रु.प्रति किलो के दामों में वृद्धि ने लोगों को बुरी तरह प्रभावित किया है। प्याज जैसी जरूरी चीजें जो कभी हर घर की जरूरत हुआ करती थीं, अब अनार जैसे विदेशी फलों जितनी महंगी हो गई हैं। इसी तरह आलू जो कभी हर रसोई की जरूरी सब्जी हुआ करती थी, अब लग्जरी आइटम बन गई है। टमाटर जो कभी रसोई की जरूरत हुआ करता था, अब आम आदमी की पहुंच से बाहर हो गया है और बाजार में महंगे फलों की तरह बिक रहा है। महंगाई के इस दौर का सबसे चौंकाने वाला पहलू लहसुन की आसमान छूती कीमतें हैं जो अब काजू जितनी महंगी हो गई हैं। जरूरी चीजों की बढ़ती कीमतों ने जनता को सरकार के 'विकास' के संस्करण पर सवाल उठाने पर मजबूर कर दिया है। बढ़ती महंगाई के बारे में बार-बार पूछे जाने के बावजूद भाजपा नेता और प्रवक्ता चुप्पी साधे हुए हैं और इस तथाकथित 'विकास' का खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। सवाल यह उठता है कि यह बढ़ती महंगाई विकास का संकेत है या जनहित का विनाश। आम नागरिक के लिए यह सवाल पहले से कहीं ज्यादा गंभीर हो गया है। भारतीय मीडिया के लिए इन चिंताओं को संबोधित करना और भाजपा के कार्यकाल में महंगाई से पीड़ित लोगों की आवाज को बुलंद करना जरूरी है। सरकार को जवाबदेह ठहराने और आम लोगों के हितों का प्रतिनिधित्व करने में मीडिया की भूमिका अहम है। भाजपा के शासन में सब्जियों और जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी पर बुरा असर डाला है। महंगाई के मुद्दे पर भाजपा नेताओं की चुप्पी लोगों की पीड़ा को और बढ़ाती है।

### विधायक द्वय ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ
# सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर लगाई गई प्रदर्शनी



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनकल्याण पर्व प्रदेश में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में विधायक द्वय विश्वनाथ सिंह पटेल व महेन्द्र नागेश ने फीता काटकर हॉकी स्टेडियम नरसिंहपुर में लगाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। राज्य सरकार की उपलब्धियों, निर्णयों, कार्यों, अभियानों आदि प्रदर्शनी के माध्यम से अवगत कराया गया। यहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व नागरिकों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, सुनील कोठारी, पंकज, सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग राहुल वासनिक सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख व कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे।

## व्यक्तियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

विधायक श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार पूर्ण रूप से जनहित के कार्य कर रही है। सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात सहित अन्य क्षेत्रों में विकास का कार्य कर रही है। हर जिले में उप स्वास्थ्य केन्द्र, सीएम राइज स्कूल और एक्सीलेंस कॉलेज खोले गये हैं। विधायक श्री नागेश ने कहा कि राज्य सरकार जनता की सुविधा के लिए कार्य कर रही है। प्रत्येक परिवार के पात्र व्यक्तियों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 15 करोड़ रुपये विधायक निधि के रूप में राशि दी थी, उसे जरूरत और जनता की मांग के अनुरूप कार्यों में इन राशि का उपयोग किया जा रहा है।

## जनहित में किया जा रहा कार्य

जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के समन्वय से जनता के हित में कार्य किये जा रहे हैं। राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सुशासन के क्षेत्र में सभी के प्रयासों से जनता की शिकायतों का निराकरण कर रहे हैं। स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में आयोजित इस प्रदर्शनी में लोक निर्माण से लोक कल्याण, खेल सुविधाओं का निरंतर विस्घ्तार, भू-जल रिचार्ज,



नगरीय विकास के बढ़े परिवर्तन, मध्यप्रदेश में पर्यटन का नया अध्याय, साइबर तहसील से आसान हुए काम, बेहतर सुशासन के कड़े कदम, गौ-संरक्षण एवं संवर्धन, सांस्कृतिक एवं सामाजिक अभ्युदय, पर्यटन बना मध्यप्रदेश की नई पहचान, हमारा लक्ष्य जनकल्याण, जनजाति समाज को मिल रहा सहारा, कमजोर वर्ग को हर संभव मदद, त्वरित निर्णय तत्काल समाधान, सशक्त बन रही मध्यप्रदेश की नारी, अन्न दाताओं के साथ हर कदम पर सरकार, किसान कल्याण का पूरा हो रहा प्रण, नवकरणीय



ऊर्जा उत्पादन में अग्रणीय मध्यप्रदेश, शिक्षित होती आगे बढ़ती बेटियां, स्कूल शिक्षा को सुदृढ़ता, गुणात्मक और समावेशी शिक्षा का लक्ष्य, प्रगति के पथ पर मध्यप्रदेश, बढ़ता निवेश बढ़ता मध्यप्रदेश पर आधारित फोटो एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है।

## जनकल्याण हेतु लगाई प्रदर्शनी

साथ ही प्रदर्शनी में व्यवसायिक कौशल पर केंद्रित शिक्षा, रोजगार के अवसरों का निर्माण, स्टार्टअप को प्रोत्साहन, आधुनिक चिकित्सा सेवाओं की गारंटी, मेडिसिटी, स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए संवेदनशील पहल, निवेश और रोजगार के बढ़ते अवसर, अधोसंरचना विकास और गति, औद्योगिक विकास के अभूतपूर्व विकास, जल स्त्रोतों के संरक्षण को समर्पित पहल, जन भागीदारी से जल संरक्षण, उद्योगों के लिए नई राहें, स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के अवसर, चिकित्सा शिक्षा को शामिल किया गया है। यह जनकल्याण प्रदर्शनी 15 दिसम्बर तक आमजनों के अवलोकन के लिए खुली रहेगी। जनप्रतिनिधियों ने जिले के नागरिकों से इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने का आग्रह किया है।

## पूर्व रास सांसद ने किया अवलोकन

राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राज्य सरकार की उपलब्धियों, निर्णयों, कार्यों, अभियानों आदि से संबंधित हॉकी स्टेडियम नरसिंहपुर में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिल रहा है। राज्य सरकार के एक वर्ष पूरे हो जाने पर जनकल्याण पर्व मना रही है। इस दौरान पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिलेगा और विकास के कार्य किये जायेंगे। उन्होंने नागरिकों से इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने की अपील की।

# गीता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के आदेश अनुसार गीता जयंती समारोह का आयोजन प्र.प्राचार्य डॉ. सतीश दुबे के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। यह आयोजन प्र. प्राचार्य डॉ. सतीश दुबे की अध्यक्षता एवं श्रीमती रीता रावत व डॉ. गणेश कुमार सोनी के आतिथ्य में किया गया। श्रीमद भगवत गीता के पूजन से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थी ललिता दुबे, विश्वास जाटव एवं संतोष के द्वारा गीता के श्लोकों का गायन किया गया। श्रीमती रीता रावत ने गीता में निहित कर्म की प्रधानता पर प्रकाश डाला। डॉ गणेश कुमार सोनी ने गीता में श्री कृष्णा प्रदत्त निष्काम कर्मयोग के महत्व को समझाया। डॉ. नमिता साहू ने गीता के व्यवहारिक प्रयोग एवं विद्यार्थी जीवन में उनकी प्रासंगिकता के बारे में बताया। डॉ. राजेश कुमार ठाकुर ने गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्राचार्य डॉ. सतीश दुबे ने गीता के माध्यम से विद्यार्थियों को द्वंद, अनिश्चय की स्थिति से उबरने में तटस्थ रूप से कर्म करने एवं निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने के लिए प्रेरित किया एवं गीता की संपूर्ण विश्व में गीता की स्वीकार्यता के विषय में विद्यार्थियों को बताया। आभार प्रदर्शन करते हुए श्रीमती प्रीति कौरव ने गीता के माध्यम से कौशल विकास, संयमित एवं संतुलित जीवन जीने की कला पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री इंदु सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों की सराहनीय उपस्थिति रही।

# अनुशासनहीनता पर होगी कार्रवाई



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुलिस फोर्स में अनुशासन एवं टीम भावना विकसित करने के लिए परेड करायी जाती है इसी भावना को लेकर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका ने जनरल परेड निरीक्षण किया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर किया नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने तथा अनुशासन में रहने की समझाइश दी गई। जनरल परेड समस्त थानों का पुलिस बल सम्मिलित हुआ, पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में आए पुलिस अधिकारी कर्मचारियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर उनके हाल-चाल को जाना, पुलिस कॉलोनियों की सफाई, पानी एवं शासकीय आवास में किसी प्रकार समस्या तो नहीं है पूछा गया तथा अधिकारी एवं कर्मचारियों को समझाइश देते हुए कहा गया कि परेड पुलिस फोर्स में अनुशासन एवं टीम भावना विकसित करने के लिए करवाई जाती है एवं यह भी समझाइश दी गयी कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनुशासन में रहते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा अनुशासनहीनता की जाएगी उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी। पुलिस लाइन में आयोजित जनरल परेड में जिले के समस्त थाना एवं कार्यालयों से एक उप पुलिस अधीक्षक सहित 90 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए परेड के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 14 अधिकारी एवं कर्मचारियों का नगद पुरूस्कार पुरूस्कृत किया गया एवं शेष अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशंसित किया गया है।

## योग प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के मध्य विजय काम्प्लेक्स में आदियोग योग प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ एस के चतुर्वेदी अध्यक्ष जिला योग समिति एवं योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन नरसिंहपुर के मुख्य आतिथ्य में, देवेन्द्र कुमार ढ़मोिले जिला योग प्रभारी की अध्यक्षता में गणमान्य नागरिकों बुद्धिजीवियों एवं युवाओं की उपस्थिति में किया गया। योग प्रशिक्षण केन्द्र के संचालक श्रवण मिश्रा द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों द्वारा योग से संबंधित विशेष जानकारी देते हुए सभी उम्र के नागरिकों से योग कर अपना शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभ लेने का आव्हान किया।

## सरें भरते हुए जा रहे नर्मदा भक्त



**तेंदूखेड़ा।** पुण्य सलिला मां नर्मदा के प्रति लोगों की बढ़ती आस्था के चलते श्रद्धालु बड़ी संख्या में सरें भरते हुए पुण्य सलिला मां नर्मदा के तटों पर पहुंच रहे हैं। इसी सिलसिले में माघ पूर्णिमा के अवसर पर आदिवासी गांव हाथीडोल के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का रात्रि विश्राम ग्राम सुन्हेटी में हुआ।

# कहीं पांच कक्षाओं को पढ़ा रहा एक शिक्षक तो कहीं दो छात्रों को पढ़ा रहे दो शिक्षक



**तेंदूखेड़ा चांवरपाठा।** शिक्षा विभाग में काफी अजीबो गरीब स्थिति बनी हुई है। कहीं पांच कक्षाओं को केवल एक शिक्षक ही पढ़ाने के साथ साथ स्कूल की हर गतिविधियों को पूरा कर रहें हैं तो कहीं मात्र दो छात्रों पर दो शिक्षक पढ़ा रहे हैं। यह यह स्थिति केवल यहां तक ही सीमित नहीं है वल्कि भवनों की स्थिति भी काफी गंभीर बनी हुई है तों कहीं चपरासी अचैटमेंट करवा कर वेतन कहीं और से ले रहा है और शासकीय सेवाओं के अलावा अन्य दूसरी गतिविधियों में संलग्न बनें हुए हैं। चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुन्हेटी और बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा के संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले इस स्कूल की यह स्थिति बनीं हुई है कि यहां पर 27 छात्रों पर मात्र एक ही शिक्षक है जो पांचों कक्षाओं के छात्रों को एक साथ बैठकर पढ़ाते हैं। यहां पर कक्षा पहली में 5 दूसरी में 5 तीसरी में 4चौथी में 8 और पांचवीं में 5 छात्र छात्राएं अध्ययन रत हैं। यहां पर पूर्व में दो शिक्षक ही थे लेकिन उसका वर्ग एक में चयन हो जाने के कारण वह अन्यत्र चला गया है।अब केवल यहां पर एक ही शिक्षक काफी लंबे समय से सेवायें दे रहा है। सबसे बड़ी विसंगति यहां पर यह बनीं हुई है कि यह एक शिक्षक विभागीय हर गतिविधि को भी पूर्ण करके समय पर भेजें और छात्रों को अध्यापन के साथ उनकी हर गतिविधि का ध्यान भी रखे। यहां पर स्कूल की बाउंड्री वॉल भी नहीं है। जिससे सुरक्षा को लेकर गंभीर स्थिति बनी हुई है। स्कूल के बाजू से ही आंगनबाड़ी केंद्र केंद्र भी संचालित हो रहा है।इस स्कूल में तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था बनाए जाने की जरूरत है।इसी संकुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बढ़िया में प्राथमिक शाला में केवल



दो छात्र ही अध्ययन करने आते हैं और यहां पर दो शिक्षक जमें हुए हैं। यदि इनमें से ही एक शिक्षक स्थाई व्यवस्था तक वैकल्पिक व्यवस्था बनाकर भेज दिया जाता है तो भी काम चल सकता है।दूसरी विसंगति यहां पर यह बनीं हुई है कि वर्ग एक में शिक्षक का चयन हो जाने के बाबजूद भी पोर्टल पर अभी भी दो ही शिक्षक दिख रहे हैं।ऐसी स्थिति में अतिथि शिक्षक भी आवेदन नही कर पा रहे हैं। ग्राम के लोगों ने तत्काल प्रभाव से यहां पर एक और शिक्षक भेजने की मांग की है।

### इनका कहना है

हमारे संकुल के अंतर्गत यह शाला आती है इसकी जानकारी हमारे पास आई तो थी मैंने इस संदर्भ में वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा है शीघ्र ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था यहां पर की जायेगी।

**एस एल मरावी**
**संकुल केंद्र प्रभारी प्राचार्य**
**बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय**
**तेंदूखेड़ा**

# मूलभूत सुविधाओं को तरसते भामा ग्रामवासी





**गोटेगांव।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भामा में प्रधानमंत्री आवास योजना की एक कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति के लिए लाइन नहीं बिछाई गई है। यहां आवास बनने के बाद कई परिवार रहने लगे हैं। यहां पेयजल व्यवस्था के लिए सिर्फ एक हैंडपंप में मोटर डाल कर छोड़ दिया गया है। जिससे ग्रामीण पानी लेते हैं और अपना गुजर बसर कर रहे हैं।यहां पर निर्मित आवासों में बिजली के किसी प्रकार के कनेक्शन नहीं है। यहां निवासरत रहवासी लकड़ी के खंभे खडे.करके घर को रोशन करने के लिए अपने घरों तक तारों को खींच कर लाए हैं। इस कॉलोनी के अंदर स्ट्रीट लाइन तक नहीं है,कॉलोनी में स्ट्रीट लाइन लगाने के लिए बिजली विभाग के ठेकेदार के द्वारा हाल ही में पोल अवश्य खड़े कर दिए हैं। मगर कॉलोनी के अंदर बिजली के तार नहीं डाले गए हैं। कॉलोनी के अंदर स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई और ना ही निर्मित आवासों में किसी प्रकार के विद्युत कनेक्शन नहीं किए गए है। यहां पर रहने वाले लोगों ने बताया कि रात के समय पूरी कॉलोनी में अंधकार छाया रहता है। आवासों में रोशनी करने के लिए रहवासी इधर-उधर से तार खींच कर घर तक लाइन लाए हैं। तब घर का अंधकार दूर हो पा रहा है। इस कॉलोनी के अंदर मौजूद अंधकार को खत्म करने के लिए जो पोल लगाए गए हैं उनमें कब तक तार खींचे जाएंगें। इसका कोई भरोसा नहीं है, वहीं निर्मित घरों में बिजली कनेक्शन देने की प्रक्रिया कब पूरी होगी यह जवाब देना का संबंधित विभाग को समय नहीं है।

# अतिक्रमण से सिकुड़ता नया बाजार का स्वरूप

**गोटेगांव।** स्थानीय नगर में नगरपालिका के माध्यम से प्रति सप्ताह मंगलवार को नया बाजार के मैदान में बाजार भरता है। इस साप्ताहिक बाजार का परिसर नगरपालिका एवं प्रशासन की अनदेखी के कारण अतिक्रमण से संकरा होता जा रहा है। जिसकी जहां पर इच्छा होती है वह धीरे-धीरे कच्ची झोपड़ी बनाने के बाद कब्जा करता जा रहा है जिसके कारण नया बाजार का मैदान में जगह की कमी होती जा रही है। इसके कारण साप्ताहिक बाजार में आने वाली दुकानें सड़क मार्ग के एक हिस्से में लगती है इस मार्ग पर लगने वाली दुकानों की संख्या बढ़ती जा रही है।इस साप्ताहिक बाजार के मैदान में अवैध अतिक्रमण कर कब्जाधारी धीरे-धीरे अपना सामान रख कर कब्जा करने में जुटे हुए हैं। जिसके कारण यहां पर लगने वाली दुकानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसको नगरपालिका हटवाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है। वहीं बरसात के मौसम में साप्ताहिक बाजार के कच्चे मैदान में कई जगह जगह



दलदल की स्थिति निर्मित हो जाती है इस दलदल भरे स्थल पर बाजार में आने वाले दुकानदारों को परेशानी होती है। नगरपालिका इस साप्ताहिक बाजार में होने वाले अतिक्रमण को हटाने के साथ मैदान को व्यवस्थित कराने की दिशा में सख्त कदम उठाए ताकि आने वाली दुकानें सड़क मार्ग पर लगने की अपेक्षा नया बाजार मैदान में लग सके।

## खबर संक्षेप

### भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**गोटेगांव।** करकबेल के समीप ग्राम ढानाघाट गुरु गुफा के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा की चतुर्थ दिवस में आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री बाल कृष्ण लाल का जन्म उत्सव मनाया गया कथा व्यास पंडित अमित कृष्ण महाराज के मुखारविंद से दिव्य कथा को सुनकर सभी भाव विभोर हो गएकथा प्रसंग प्रहलाद चरित्र के माध्यम से पूज्य व्यास जी महाराज ने बचपन से ही भक्ति करने का सूत्र सभी को दिया और कहा कि भगवान का भजन बचपन से होता है ना की 55 से ,हमें सर्व समर्थ नंदन भगवान श्री कृष्ण शरण ग्रहण करना चाहिए गज ग्राह की कथा हमें संकेत देती है कि जिन्होंने भगवान को पुकारा है भगवान ने सदा उनका उद्धार ही किया है सुंदर राम जन्म कृष्ण जन्म के माध्यम से भगवान का जन्म उत्सव मनाया गया सुंदर झांकी निकाली गई,कथा के इसी क्रम में क्षेत्रीय गणमंजनानी भी उपस्थित रहे कल सुंदर भगवान को छप्पन भोग एवं बाल लीला कथा कही जाएगी वहीं भागवत कथा में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सेक्टर धमना के ग्राम बम्होरी में हुई बैठक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के तत्वाधान में सेक्टर धमना के ग्राम बम्होरी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा, ग्रामीण, समिति सचिव अंकित पटेल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य व ग्रामीणजन मौजूद थे। बैठक में आदर्श ग्राम के विभिन्न आयामों जैसे स्वच्छता, नशामुक्ति, जल संरक्षण व संवर्धन, सौर ऊर्जा के विकल्प, जैविक कृषि, पौध नर्सरी, जीरो बजट की खेती, पशु नस्ल सुधार कर उन्नत व दुधारू पशु का संवर्धन, पौधारोपण, विवाद मुक्त ग्राम की स्थापना, गोबर गैस, स्थानीय उत्पादों का प्रचार- प्रसार व उपयोग को बढ़ावा देने, बाहरी वस्तुओं पर निर्भरता में कमी लाना व लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देना आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस पर ग्रामीणों ने सभी आयामों पर कार्य करने की सहमति दी। ग्राम में ही नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सचिव अंकित पटेल ने अपने खेत में नवांकुर नर्सरी की स्थापना का शुभारंभ किया। नस्ल सुधार के कार्य समिति के समन्वय व पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से ग्राम में चलाए जाने पर सहमति हुई है। साथ ही जल संरक्षण व संवर्धन के लिए नदियों में 350 बोरी- बंधान बनाने की योजना तैयार की गई।

### विद्यार्थियों को वितरित किये गर्म कपड़े



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मुंगवानी संकुल केन्द्र के अंतर्गत आने वाले एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पिपरिया में शाला के शिक्षक शंकरलाल साहू द्वारा विद्यालय मे अध्ययनरत छात्र - छात्राओं को गर्म कपड़े वितरित किये गये। शिक्षक श्री साहू द्वारा बताया गया कि विकासखंड नरसिंहपुर के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के पिपरिया स्कूल मे पढ़ने वाले कमजोर वर्ग के 81 बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ओ पी राय, गोरखपुर संकुल से पंचम सिंह झारिया, गोंगावरी प्रधान पाठक बाल किशन नेमा, जन शिक्षक कालीचरण यहाके सहित शाला के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।